KRT का रीट IPO पांच अगस्त को खुलेगा

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** रियल एस्टेट कंपनी सत्व ग्रुप और ब्लैकस्टोन द्वारा प्रायोजित नॉलेज रियल्टी ट्रस्ट (KRT) ने बुधवार को अपने 4,800 करोड़ रुपये के रीट IPO के लिए 95-100 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया। KRT ने बयान में कहा कि यह इश्यू पांच अगस्त को खुलकर सात अगस्त को बंद होगा। यह प्रमुख शहरों में स्थित उसकी 30 प्रमुख कार्यालय संपत्तियों से धन जुटाने की रणनीति का हिस्सा है। KRT के पास छह शहरों में 29 संपत्तियों में 4.6 करोड़ वर्ग फुट से अधिक कार्यालय संपत्तियां हैं। ब्लैकस्टोन और सत्व के पास रीट में लगभग 80 प्रतिशत स्वामित्व बना रहेगा। वहीं पार्थ इलेक्ट्रिकल्स एंड इंजीनियरिंग का आईपीओ 4 अगस्त को खुलेगा और बुधवार, 6 अगस्त को बंद होगा। इसका प्राइस बैंड 160 रुपये से 170 रुपये के बीच तय किया गया है। वहीं, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) का आईपीओ को बुधवार को बोली खुलने के कुछ ही घंटों के भीतर पूरी तरफ से सब्सक्राइब हो गया। श्री लोटस के आईपीओ को 3.59 गुना अभिदान मिला।